दिन– बुधवार दिनांक– 30 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन राशि को एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये किये जाने की घोषणा की। ममता कार्यकर्ताओं को भी प्रति प्रसव तीन सौ की जगह अब छह सौ रुपए दिये जायेंगे।

02. चुनाव आयोग ने कहा – एक अगस्त को होगा प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन। दो अगस्त से एक सितम्बर तक दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए प्रदेशभर में लगाये जायेंगे विशेष कैंप।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – केवल तीन वर्ष के अंतराल में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध हो गयी है।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में निचली अदालत में जारी कार्रवाई पर रोक लगाने से संबंधित लालू प्रसाद की याचिका खारिज की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने की घोषणा की। इसके साथ ही ममता कार्यकर्ताओं को भी मिलने वाली प्रोत्साहन राशि प्रति प्रसव तीन सौ रुपए से बढ़ाकर छह सौ रुपए कर दी है। श्री कुमार ने आज सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे इन कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

---

राज्य सरकार के आशा और ममता कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी के फैसले का व्यापक स्वागत हुआ है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में सेवारत महिलाओं का हौसला बढ़ेगा। श्री पांडेय ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती मिलेगी।

–––बाइट–––

---

राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का दूसरा चरण एक अगस्त से शुरू होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को प्रारूप निर्वाचन सूची का प्रकाशन किया जाएगा। एक सितम्बर तक दावा आपत्ति दाखिल किया जा सकता है। आयोग ने कहा है कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है। आयोग ने कहा है कि पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारण प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सका है वे घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं, दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं से बीएलओ उनके घर जाकर आवेदन प्राप्त करेंगे।

---

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विपक्षी सदस्यों पर बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन आयोग का निर्णय था और इसके लेकर विपक्ष का विरोध अनुचित है।

———बाइट———

एस आई आर हमारे देश के चुनाव आयोग की एक व्यवस्था है। दशकों से ये व्यवस्था देश में लागू है। अपने राजनीतिक पैंतराबाजी के लिए, सुविधा के लिए लोग उसको एक राजनीतिक उद्देश्य से विरोध कर रहे है, ये चिंताजनक है, निंदनीय है।

वहीं, केंद्रीय मत्स्य और पशु पालन राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने कहा है कि निर्वाचन आयोग पुनरीक्षण कार्यक्रम लोकतंत्र को मज़बूत करने और देश के फायदे के लिए कर रहा है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर विदेशी घुसपैठियों के समर्थन से भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचान का आरोप लगाया।

———बाइट———

कांग्रेस और इंडी गठबंधन अकेला दुनिया की वो पार्टी है जो विदेशी घुसपैठियों को, जो इस देश के नागरिक नहीं है उनको नागरिकता भी दिलाना चाह रहे हैं और उनको मतदाता सूची में भी शामिल करना चाह रहे हैं। चुनाव आयोग जो भी काम करता है वो चुनाव आयोग को प्रदत्त शक्तियों के निहित ही करता है। कई आयोगों ने अपनी शक्तियों का उपयोग  नहीं किया लेकिन एक भी आयोग ऐसा नहीं है जिसने अपनी शक्ति से बाहर जाकर काम किया।

---

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी पहल की मदद से एक करोड़ से अधिक फर्जी मोबाइल कनेक्शन निष्क्रिय किए गए हैं। लोकसभा

में पूरक प्रश्न के जवाब में श्री सिंधिया ने बताया कि पैंतीस लाख से अधिक लोगों ने इस पोर्टल पर मोबाइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

———बाइट———

इस ऐप के आधार और पोर्टल के आधार पर इतनी सफलता हमें मिली है कि मोबाइल नंबर करीब—करीब 29 लाख हम लोगों ने डिस्कनेक्ट किए हैं। मोबाइल हैंडसेट करीब साढे पांच लाख हम लोगों ने ब्लॉक किए हैं। बल्क एसएमएस स्टैंडर्डस बीस हजार हम लोगों ने ब्लॉक किए हैं और व्हाट्सएप अकाउंट्स करीब—करीब 24 लाख हम लोगों ने ब्लॉक किए हैं।

———————————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि केवल तीन वर्ष में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध हो गयी है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में आज एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि इस रेलगाड़ी की संचालन प्रतिक्रिया काफी उत्साहजनक है और इसलिए राज्यों से ऐसी रेलगाडियों की और अधिक मांग लगातार आ रही है।

———बाइट———

जब शताब्दी और राजधानी इंट्रड्यूज़ हुई थी जितने समय में देश के सारे राज्यों को कवर किया गया अगर उस समय को कम्पेयर करें करीब—करीब दो दशक से अधिक समय लगा था। आज मान्यवर प्रधानमंत्री जी ने वंदेभारत जब इंट्रड्यूज की तीन साल के शॉर्ट टाइम फ्रेम में देश के सारे के सारे राज्यों को कवर किया। एक सौ 44 सर्विसिज आज वंदेभारत की चल रही हैं। और देशभर से इसका बहुत अच्छा फीडबैक आता है।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद के खिलाफ निचली अदालत में चल रहे मामले पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में लालू प्रसाद और अन्य पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मामला चल रहा है। उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में कहा है कि इस संबंध में एक याचिका पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित है। इसलिए फिलहाल वह इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। गौरतलब है कि इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत कई लोगों को आरोपी बनाया है।

———————————————————————

आगामी विधान सभा चुनावों की तैयारियों को लेकर पटना में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन की समन्वय समिति की आज बैठक हुई। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में रक्षाबंधन के बाद राज्य के सभी नौ प्रमंडलों में संयुक्त रूप से बड़ी चुनावी रैलियों के आयोजन का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, कांग्रेस के बिहार मामलों के प्रभारी कृष्णा

अल्लावरु और सीपीआई माले सहित वाम दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। हालांकि वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी इस बैठक में शामिल नहीं हुए। इसे लेकर कई अटकले लगाई जा रही है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित समारोह के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की बीसवीं किस्त जारी करेंगे। योजना के तहत किसानों को वर्ष में तीन किस्तों में दो–दो हज़ार रुपये हस्तांतरित किए जाते हैं। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक सौ सत्ताईस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भगवान गौतम बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेषों की **हांगकांग** से भारत वापसी का स्वागत किया है। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने विकास भी, विरासत भी की भावना व्यक्त करते हुए भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रति भारत की गहरी श्रद्धा को रेखांकित किया। श्री मोदी ने कहा कि यह देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए गौरव और प्रसन्नता का क्षण है। उन्होंने बताया कि पिपरहवा अवशेषों की खोज अठारह सौ अंठानवे में हुई थी, लेकिन औपनिवेशिक काल के दौरान इन्हें भारत से ले जाया गया था।

---

उप मुख्यमंत्री सह खान एवं भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि किसी जिले से अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायत मिलने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा ने पटना में विभागीय समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित थाना प्रभारी के साथ ही पुलिस अधीक्षक की भूमिका की भी गहनता से जांच की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ नियमित निरीक्षण और निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिये।

---

प्रदेश में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद के रफीगंज में सबसे अधिक सत्तर मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। हाजीपुर में बावन मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---बाइट---

---

बक्सर जिले के रामपुर में वज्रपात की चपेट में आकर एक किसान की मौत हो गयी। घटना के समय वह खेत में काम कर रहा था। इधर, शेखपुरा जिले के जयरामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेउस गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक बच्ची की मौत हो गयी।

---

गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के कारण जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गयी है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर, पटना के गांधी घाट और हाथीदह, मुंगेर तथा भागलपुर में बढ़ा है। गांधी घाट पर और हाथीदह में जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। इधर, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट और बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में चेतावनी स्तर को पार कर गया है। कोसी नदी सुपौल के बसुआ, खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में उफान पर है। बलतारा में नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। अन्य छोटी नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

---

आयकर विभाग ने आयकर विधेयक– दो हजार पच्चीस में कर दरों में किसी बदलाव से इनकार किया है। आयकर विभाग ने प्रस्तावित विधेयक पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य केवल भाषा को सरल बनाना तथा अनावश्यक और पुराने प्रावधानों को हटाना है।

---

मैथिली भाषा को राष्ट्रपति भवन के आधिकारिक बेवसाईट पर समावेश किये जाने का मैथिली भाषियों ने जोरदार स्वागत किया है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नात्कोत्तर मैथिली विभाग में इसे लेकर एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रोफेसर दमन कुमार झा ने कहा कि सरकार का यह निर्णय मैथिली भाषा के सम्मान और संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

---

राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राजधानी पटना में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर प्रत्येक रविवार को नो हार्न दिवस घोषित किया है। बोर्ड ने वाहन चालकों से एक दिन हार्न का उपयोग नहीं करने की अपील की है। आपातकालीन सेवाओं को इसमें छूट दी गयी है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन राशि को एक हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये किये जाने की घोषणा की। ममता कार्यकर्ताओं को भी प्रति प्रसव तीन सौ की जगह अब छह सौ रुपए दिये जायेंगे।

02. चुनाव आयोग ने कहा – एक अगस्त को होगा प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन। दो अगस्त से एक सितम्बर तक दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए प्रदेशभर में लगाये जायेंगे विशेष कैंप।

03. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – केवल तीन वर्ष के अंतराल में ही वंदे भारत रेल सेवा सभी राज्यों में उपलब्ध हो गयी है।

04. और, सर्वोच्च न्यायालय ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में निचली अदालत में जारी कार्रवाई पर रोक लगाने से संबंधित लालू प्रसाद की याचिका खारिज की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।